Points of action	Orissa		Rajasthan	
	Proposed	Achieved	Proposed	Achieved
Additional Commodities	not Distributed		Tea, Soap, Iodised Salt, Text Books, Janta Saris, Dhoties, Match Boxes, Exercise Books being distributed.	

(b) The Central Government is monitoring the progress of implementation of RPDS in States/UTs including Rajasthan and Orissa and is constantly reviewing through meetings, reports etc. so that streamlining and strengthening of the system is continued.

Production of Coal

1142. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) the full details of the total production of coal in 1993-94 and 1994-95;

(b) the target fixed for the production of coal during the year 1995-96; and

(c) the steps being taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COAL (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) The details of coal production in the country during 1993-94 and 1994-95 against the targets and programme for 1995-96 are as under:

(million tonnes)

Company	1993-94		1994-95		1995-96
	Target	Actual	Target	Actual	Target
Coal India Ltd. (CIL)	216.00	216.09	223.00	223.14	241.00
Singareni Collieries Company Ltd (SCCL)	24.74	25.21	25.60	25.65	28.00
Others (TISCO, IISCO, DVC)	4.50	4.73	5.00	5.01	5.50
TOTAL	245.24	246.03	253.60	253.80	274.50

(c) Steps taken of fulfil target for 1995-96 include expediting early completion of projects under implementation re-organisation of existing mines and setting up of infrastructural facilities. The CIL has also been restructured in order to render it financially strong.

सुपर बाजार में वर्गीकरण की नई योजना

1143. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एक नई शुरू की गई

योजना के अंतर्गत हाल ही में सुपर बाजार की शाखाओं का वर्गीकरण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस नई योजना की क्या विशेषताएं हैं;

(ग) क्या नई योजना को शुरू किये जाने के परिणामस्वरूप सुपर बाजार के अनेक बिक्री सहायक बेरोजगार हो जायेंगे;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन बिक्री सहायकों को उपयुक्त रूप से पुनर्नियोजित करने के लिए क्या कदम उठाए जाने का विचार है?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामलें और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राज्य मंत्री (श्री विनोद शर्मा): (क) जी नहीं।

(ख) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता है।

मध्य प्रदेश में स्थापित किये गए वनस्पति तेल संयंत्रों की संख्या

1144. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय मध्य प्रदेश में स्थापित किए गए वनस्पति तेल संयंत्रों की जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) इन संयंत्रों का कुल वार्षिक उत्पादन कितना है;

(ग) क्या सरकार निकट भविष्य में राज्य में ऐसे और अधिक संयंत्र स्थापित करने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां पर ये संयंत्र स्थापित किए जाएंगे और क्या इनमें से कुछ संयंत्र आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित किए जाने की भी संभावना है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग) में राज्य मंत्री (श्री विनोद शर्मा): (क) वनस्पति तेल उद्योग के 25 जुलाई, 1991 से लाइसेंस मुक्त कर दिए जाने के परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश में इस समय वनस्पति तेल संयंत्रों की संख्या के बारे में कोई प्रामाणिक सूचना उपलब्ध नहीं है। साल्वेंट निष्कर्षण संयंत्रों तथा वनस्पति संयंत्रों, जो कि विलायक निष्कर्षित तेल, वितैलित चूर्ण तथा खाद्य चूर्ण नियंत्रण आदेश, 1967 तथा वनस्पति तेल उत्पाद (नियंत्रण) आदेश, 1947 के तहत आते है, के संबंध में सूचना उपलब्ध है। एक विवरण **(नीचे देखिए)** दिया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश में इन संयंत्रों की जिलावार संख्या दी गई है।

(ख) मध्य प्रदेश में वनस्पति का वार्षिक उत्पादन लगभग 0.75 लाख मी. टन है। मध्य प्रदेश में तिलहन उत्पादन के आधार पर वनस्पति तेलों का वार्षिक उत्पादन 9 लाख मी.टन के आस-पास आंका गया है।

(ग) जी नहीं।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

मध्य प्रदेश में जिलावार साल्वेंट निष्कर्षण संयंत्रों/वनस्पति संयंत्रों की जिलावार संख्या का विवरण।

क्रम.सं.	जिला	साल्वेंट निष्कर्षण संयंत्रों की संख्या	वनस्पति संयंत्रों की संख्या
1.	बालाघाटा	2	—
2.	भोपाल	4	—
3.	बिलासपुर	3	—
4.	छिन्दवाड़ा	5	—
5.	देवास	11	—
6.	दुर्ग	1	—
7.	धार	5	1
8.	दामोह	1	—
9.	जगदलपुर	1	—
10.	होशंगाबाद	6	—
11.	इन्दौर	14	2
12.	खरगांव	3	—
13.	खण्डवा	4	1
14.	माण्डला	1	—
15.	मुरेना	1	—
16.	नरसिंहपुर	1	—
17.	रायगढ़	2	—
18.	रायपुर	9	—
19.	रायसेन	4	1
20.	रतलाम	5	—